www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 6 जून, 2019 | वर्ष-12 | अंक-61 | पृष्ठ-14 | मूल्य-4.00 रुपए

गौड़ ग्रुप ने आरएमसी प्लांट में वृक्षारोपण किया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड ग्रुप के आधिकरियों व कर्मचारियों ने आरएमसी प्लांट में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण किया है। पांच एकड में फैले एक प्लांट के सारे ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में सैकड़ों वृक्ष लगाए गए और इन वृक्षों की देख भाल करने का जिम्मा भी उठाया इसके साथ ही वहां के क्षेत्र में सफाई अभियान भी चलाया गया। स्वस्थ्य पर्यावरण का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में गौड़ ग्रुप के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ सहित कई कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। प्रत्येक साल के 5 जून को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। दुनियाभर के लोग अलग-अलग तरीके से इसे एक त्यौहार के रूप में मना कर पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रयास करते हैं। इसी कड़ी में गौड ग्रुप के आधिकारियों व कर्मचारियों ने आरएमसी प्लांट में वृक्षारोपण और सफाई अभियान करने के साथ-साथ कर्मचारियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट को हरा भरा बनाने की शपथ लिया।